06 नेशनल लोक अदालत में सुलझे 829 प्रकरण...

10 जिले ने बीते दो वर्षों में विकास के कई कीर्तिमान...





## खबर संक्षेप

### प्रदर्शन की रणनीति बनाने बैठक आज

**विदिशा।** शिक्षिकों की विभिन्न मांगों को लेकर आज न्यू विजन स्कूल, द्वारकापुरी में दोपहर 1 बजे जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में 21 दिसंबर को मप्र के समस्त जिलों में धरना-प्रदर्शन आंदोलन को प्रभावी और सफल बनाने की चर्चा की जाएगी।

### बंटीनगर चौराह से वाहन रैली आज

**विदिशा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा बस्ती सा हिंदू सम्मेलन के तहत नगर में वाहन रैली निकाली जाएगी। रविवार दोपहर 2 बजे बंटीनगर चौराह हनुमान मंदिर से रैली प्रारंभ होगी। सकल हिंदू समाज ने रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### गुलाबगंज में त्रिशूल दीक्षा रैली निकाली

**गुलाबगंज।** प्रखंड गुलाबगंज में शौर्य यात्रा एवं त्रिशूल दीक्षा रैली निकाली गई। कार्यक्रम में विभाग सह मंत्री चंद्रभान सिंह बघेल मुख्य वक्ता रहे, जिनके ओजस्वी उद्बोधन से कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ। उन्होंने धर्म, देश और समाज की रक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। शौर्य यात्रा दांगी



धर्मशाला से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से स्टेशन हनुमान मंदिर होते हुए पुनः दांगी धर्मशाला पहुंचकर संपन्न हुई। कार्यक्रम में जिला संयोजक बजरंग दल सपन सिंह दिलेरिया सहित प्रखंड पालक प्रभारी जितेंद्र दांगी, अध्यक्ष जगदीश सोनी, मंत्री विशाल दांगी आदि मौजूद रहे।

### लोहांगी पर भंडारा आज

**विदिशा।** लोहंगी (राजेंद्र गिरी पर्वत) स्थित मां अन्नपूर्णा दरबार में आज रविवार को दोपहर 1 बजे से शक्ति आराधना ग्रुप द्वारा नगर भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

---

जिले के विकास के लिए गठित की गई सलाहकार समिति की पहली बैठक हुई

# प्रभारी मंत्री ने गिनाईं सरकार की 2 साल की उपलब्धियां, 20 हजार स्वास्थ्य पदों को मंजूरी

**शनिवार को जिले के विकास के लिए गठित की गई सलाहकार समिति की पहली बैठक हुई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

विदिशा जिले के समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से गठित जिला विकास समिति की पहली बैठक शनिवार को हुई।

बैठक की अध्यक्षता जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने की। समिति में जिले के सभी पांचों विधायक, अन्य जनप्रतिनिधि और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ सदस्य के रूप में शामिल हैं। पहली बैठक में सभी सदस्यों का परिचय हुआ और जिले के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रारंभिक चर्चा की गई। बैठक के बाद प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह समिति

**जिला विकास एवं सलाहकार समिति की बैठक की हुई**



विदिशा। बैठक के दौरान चर्चा करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल।

- सुझावों और समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।
- बैठक में जिले के पांचों विधायक शामिल हुए।

स्थानीय आवश्यकताओं और जनप्रतिनिधियों के सुझावों के आधार पर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का माध्यम बनेगी। बैठक में सड़क निर्माण, भवन निर्माण, गोशालाओं के विकास और शिक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने आश्वासन दिया कि समिति के माध्यम से प्राप्त होने वाले सुझावों और समस्याओं पर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## पांच आरोग्य केंद्रों पर जल्द स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मप्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित की गई पत्रकार वार्ता के दौरान प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने प्रदेश सरकार की दो वर्षों की उपलब्धियों के साथ-साथ विदिशा जिले में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार का फोकस स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने पर है। विदिशा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए निर्मित पांच आरोग्य केंद्रों पर जल्द ही स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि हाल ही में हुई कैबिनेट बैठक में स्वास्थ्य विभाग में 20 हजार से

- बैठक के दौरान बड़ी गोशाला शुरू होने की घोषणा की गई।

अधिक नए पदों के सृजन को मंजूरी दी गई है, जिससे तैयार भवनों में शीघ्र ही नियुक्तियां हो सकेंगी। प्रभारी मंत्री पटेल ने स्वावलंबी गोशाला योजना के तहत विदिशा जिले की नटेरन तहसील के लाड़पुर गांव में देश की पहली बड़ी गोशाला परियोजना शुरू होने की घोषणा की। 50 करोड़ की लागत वाली इस गोशाला में करीब 6 हजार गोवंश रखने की व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है और आने वाले समय में इन योजनाओं का सीधा लाभ आम जनता तक पहुंचेगा।

---

# थाने में हुई सैकड़ों बाइकों की नीलामी, खरीदने उमड़े लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

शनिवार को कोतवाली थाने में जब्त, एक्सीडेंटल और अपराधों में पकड़ी गई गाड़ियों की नीलामी गई। कंडम हालत में पड़ी इन गाड़ियों को खरीदने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच गए।

पूरा थाना परिसर खचाखच भर गया। वाहनों को खरीदने के लिए भोपाल सहित आसपास से भी खरीददार पहुंचे। भीड़ इतन बढ़ गई कि पुलिस ने लॉट में गाड़ियों की नीलामी शुरू कर दी। लेकिन खरीददारों ने इसका विरोध कर दिया इसके बाद फिर से एक- एक कर बाइकों की नीलामी की गई। गई पुराने मॉडल की गाड़ियों जैसे एजदी, याम्हा आरएक्स 100 जैसी मॉडिफाइ होने वाली गाड़ियों की खूब ऊंची बोली लगाई गई। एक एजदी करीब 42 हजार रुपए कीमत में नीलामी हुई। क्योंकि यह गाड़ियां तैयार कर ऊंची दामों पर बिक जाती हैं। कोतवाली थाने में दोपहर से शुरू हुई गाड़ियों की नीलामी रात 9 बजे के बाद तक चलती रही। कई खरीदारों ने एक साथ कई गाड़ियां खरीदीं जिन्हे मॉडिफाइ करने के बाद बाजार में ऊंचे दामों पर बेचा जाएगा। यह गाड़ियां कई सालों से थाना परिसर में खड़ी हुई थीं।

**आवश्यकता**

ऑफिस कार्य के लिए लड़का / लड़की की जरूरत है।
टाइम - सुबह 10.30 से शाम 5.00 बजे तक
नोटः- कंप्यूटर का बेसिक नॉलेज चाहिए
सैलरी योग्यता अनुसार।
पताः- कामधेनु गार्डन के पास सांवरिया कंपलेक्स विदिशा मध्यप्रदेश, 9131897653

---

# जिले के विज्ञान विषय के 160 प्राथमिक शिक्षकों को मिला क्रमोन्नति का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

शिक्षा विभाग में 12 साल की सेवा अवधि पूरी करने वाले 160 शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश जारी कर दिए हैं। क्रमोन्नति आदेश जारी करने से पहले प्राथमिक शिक्षकों को 12 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर संकुल प्राचार्यों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार हेतु विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक की गई। यह बैठक 7 नवंबर को हुई। बैठक में समिति द्वारा प्रस्तावों के परीक्षण के बाद की गई अनुशंसा के आधार पर प्राथमिक




शिक्षक विज्ञान को पात्र पाए जाने पर उनको प्रथम क्रमोन्नति का लाभ दिए जाने की स्वीकृति दी गई। जिला शिक्षाधिकारी एसपी जाटव ने सूची जारी की। इस मौके पर देवेंद्र सैनी, कृष्णकुमार कापसे, महेंद्र रघुवंशी, ज्ञान सिंह, अजय शर्मा सहित नितिन सोहित मौजूद रहे।

## लटेरी में 7 पेटी अवैध शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज. लटेरी।** थाना ने ग्राम झूकरजोगी में अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में पुलिस ने कुल 7 पेटी अवैध शराब जब्त की गई है। जब्त शराब में पांच पेटी देशी प्लेन, एक पेटी देशी लाल मशाला और एक पेटी सन्नी रम शामिल है। पुलिस ने आरोपी सूरज सिंह राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम झूकर जोगी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध अपराध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

---

चोरों के निशाने पर मंदिर और दानपेटियां

## रामजानकी मंदिर में चोरीः डेढ़ लाख के जेवर और पूजन सामग्री गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

वारदात

मुखर्जीनगर के सामने शंकरनगर में रामजानकी मंदिर में शुक्रवार रात अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया।

चोर भगवान के 3 मुकुट, माला व अन्य पूजन सामग्री ले गए, जिनकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है। शनिवार सुबह मंदिर के पुजारी दीपक जब पूजा के लिए पहुंचे और ताला खोला तो मंदिर में पूजा सामग्री बिखरी हुई थी और भगवान के आभूषण गायब थे। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। लगातार मंदिरों में हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में नाराजगी और भय का माहौल है। पुलिस ने क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है। थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

सालों से लंबित क्षेत्रवासियों की मांग हुई पूरी

## धामनोद, लटुआ, दैय्यरपुर मार्ग को मिली स्वीकृति, 2.5 करोड़ से बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर

अच्छी खबर

हैदरगढ़ क्षेत्र के लिए वर्षों से प्रतीक्षित धामनोद, लटुआ, दैय्यरपुर सड़क निर्माण को लगभग 2.5 करोड़ की लागत से निर्माण की स्वीकृति मिल गई है।

यह निर्णय ग्यारसपुर क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना की स्वीकृति विधायक हरिसिंह रघुवंशी के प्रयासों का परिणाम मानी जा रही है। इस स्वीकृति के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं विधायक हरिसिंह रघुवंशी के प्रति क्षेत्रवासियों ने आभार व्यक्त किया है।

सड़क निर्माण से आवागमन सुगम होगा और शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़कर यह सड़क सामाजिक-आर्थिक विकास के नए अवसर खोलेगी।

### डाक कर्मियों का द्वितीय अधिवेशन आज

**विदिशा।** ग्रामीण डाक कर्मियों का द्वितीय अधिवेशन आज रविवार सुबह 11 बजे देवखजूरी में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सत्यनारायण दुबे के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह होगा। जिसमें शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा सहित जिले के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

### सरकारी स्कूल के 350 छात्रों को ट्रस्ट ने बांटे ऊनी स्वेटर

**विदिशा।** श्री तुलसी यमुना सेवा ट्रस्ट द्वारा विट्ठल नगर स्थित मंदिर के सामने ललित कुंज क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक विद्यालयों के 350 विद्यार्थियों को ऊनी स्वेटर वितरित किए गए। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी विट्ठलदास डांगरा, अपना घर आश्रम के अध्यक्ष डॉ. जीके माहेश्वरी, सचिव जीएस चौहान, कोषाध्यक्ष घनश्याम डागा, प्रवक्ता सोहेल भाई तथा जिला शिक्षा अधिकारी एसपी जाटव उपस्थित रहे।

---

भोजन, फल, कंबल वितरण से लेकर रक्तदान तक, शहरभर में हुए सेवा कार्य

# सेवादिवस के रूप में मनाई शाह की 36वीं पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

नगर के वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय प्रफुल्ल शाह की 36वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पूरे दिन सेवा कार्यों की श्रृंखला आयोजित की गई।

इस अवसर को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए विभिन्न सामाजिक और मानवीय गतिविधियों के माध्यम से उनके सेवा भाव को साकार किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कच्छी धर्मशाला में जरूरतमंदों को भोजन वितरण से हुई। इसके बाद सार्वजनिक भोजनालय सेवा समिति



में जिला अस्पताल में उपचाररत मरीजों के परिजनों को भोजन प्रसादी वितरित की गई। जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरों पर खुशी दिखाई दी। इसके बाद श्री हरि वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों को स्वल्पाहार कराया गया तथा पास स्थित दीक्षा दिव्यांग विद्यालय के बच्चों को भी स्वल्पाहार वितरित किया गया। गो-सेवा के अंतर्गत श्री कृष्ण गोशाला में गायों को विशेष रूप से हरी घास खिलाई गई। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमंदों को कंबल वितरण कर मानव सेवा का संदेश दिया गया। सेवा दिवस का समापन रक्तदान कार्यक्रम के साथ किया गया। इस अवसर पर स्वर्गीय प्रफुल्ल शाह के समाज के प्रति योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया गया। उनकी पुण्यतिथि पर आयोजित यह कार्यक्रम सेवा, करुणा और मानवता के प्रति उनकी प्रेरणादायक सोच का प्रतीक बना।

---

हरिभूमि




# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. धुरव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# एक बगिया मां के नाम आत्मनिर्भरता की नई मिसाल, कलेक्टर ने जानी हकीकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शुक्रवार को भ्रमण के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत बूढ़ी बागरोद, में संचालित अभिनव कार्य "एक बगिया माँ के नाम" का अवलोकन करते हुए कहा कि यह कार्य ग्रामीण आजीविका विकास का प्रेरक उदाहरण बन रहा है। इस योजना के तहत हितग्राही चन्द्रमुखी, रामेश्वर चिड़ार को वर्ष 2025-26 में स्वीकृति प्रदान की गई। ग्राम बूढ़ी बागरोद के कीर्ति स्वयं सहायता समूह के माध्यम से लाभ दिया गया। एक बगिया माँ के नाम के तहत संपादित कार्यों के संबंध में मौके पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता से जानकारी साझा की गई। जिसमें बताया गया कि समूह कीर्ति स्वयं सहायता समूह द्वारा पौधों का प्रकार ताइवान पिंक अमरूद के एक सौ पौधे लगाए गए हैं। हाई ब्रीड के इन पौधों से डेढ़ से दो साल में फल मिलने लगेगा। चन्द्रमुखी, रामेश्वर चिड़ार ने योजना



के तहत उपलब्ध कराए गए। संसाधनों का प्रभावी उपयोग कर ताइवान पिंक अमरूद के 100 पौधों की बगिया तैयार की। इस बगिया से आने वाले वर्षों में स्थायी आय का सशक्त स्रोत विकसित होगा। पौधों की सिंचाई, संरक्षण और जैविक उर्वरकों के प्रयोग से बगिया तेजी से विकसित हो रही है। आगामी समय चंद्रमुखी चिड़ार लखपति दीदी की श्रेणी में पहुंचेगी। यह बगिया न केवल आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण व हरित विकास का भी प्रेरक प्रयास है। परिवार में आर्थिक स्थिरता, ग्रामीण क्षेत्र में हरियाली का विस्तार, समूह के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा, भविष्य में कृषि आधारित सूक्ष्म उद्यम का अवसर साथ में ही कृषक रामेश्वर चिड़ार प्राकृतिक एवं उद्यानिकी की खेती करते हैं। जिससे दोगुनी आय वह ले रहे हैं। वे कृषि के क्षेत्र में नवाचार ला रहे हैं। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग एवं उद्यान विभाग से जुड़कर उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लिया और खेती को बढ़ावा दिया।

एक बगिया माँ के नाम" कार्यक्रम के माध्यम से चन्द्रमुखी रामेश्वर चिड़ार ने यह सिद्ध किया कि सरकारी योजनाओं का सही उपयोग जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। यह बगिया आने वाली पीढियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी और ग्राम बूढ़ी बागरोद की पहचान हरित विकास के रूप में स्थापित करेगी।

## खबर संक्षेप

### नवोदय में प्रवेश के लिए दी परीक्षा




**गंजबासौदा।** शनिवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नवोदय में कक्षा 6 में प्रवेश करने हेतु विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा संपन्न होने के बाद गर्ल्स स्कूल के बाहर मुख्य मार्ग पर विद्यार्थियों को लेने आए पालकों के दो पहिया, चार पहिया वाहनों के कारण लंबी लंबी कतारें लग गई। जिससे देर तक जाम की स्थिति निर्मित होती रही।

### मेमू में बोगी बढ़ाने विधायक ने लिखा पत्र



**गंजबासौदा।** विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने क्षेत्र की लाइफ लाइन कहे जाने वाली भोपाल बीना मेमू पैसेंजर और मेमू एक्सप्रेस ट्रेन में बोगियों की संख्या बढ़ाने के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा है। जिनमें पिछले वर्ष बोगियां कम होने से परेशान जनता की मांग का हवाला देते हुए बोगी बढ़ाने की मांग की है। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने क्षेत्र की जनता की मांग और परेशानियों को लेकर 61631–61632 भोपाल बीना मेमू पैसेंजर और 11605–11606 भोपाल बीना मेमू एक्सप्रेस ट्रेन में बोगी बढ़ाने की मांग की है। विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि भोपाल, विदिशा, सांची, गंजबासौदा, मंडीबामोरा, कुरवाई, बीना क्षेत्र के लिए मेमू पैसेंजर एवं एक्सप्रेस लाइफलाइन है। जो आम जनता का आवागमन का मुख्य साधन है। पिछले वर्ष मेमू ट्रेन से बोगी कम होने का जिक्र करते हुए कहा कि क्षेत्र की आम जनता प्रभावित हुई है। विधायक की इस मांग को लेकर अप डाउन संगठन और आम नागरिकों ने स्वागत एवं सराहना की है।

### चोर घाट नाले की टूटी पुलिया से बढ़ी परेशानी

**विदिशा।** महल घाट से राम घाट जाने वाले मार्ग पर चोर घाट नाले की पुलिया टूट जाने से स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दौरान आई बाढ़ में पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसकी सूचना जिला प्रशासन को समय रहते दी गई, लेकिन अब तक मरम्मत नहीं हो सकी है। मंदिर दर्शन के लिए आने वाले भक्तों का आवागमन बाधित हो रहा है और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से पुलिया की मरम्मत की मांग की।

## न्यायाधीश की समझाइश पर पति-पत्नी में हुआ आपसी समझौता, एक दूसरे को पहनाई माला

# नेशनल लोक अदालत में सुलझे 829 प्रकरण, 1072 पक्षकार हुए लाभांवित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरप्रसाद वंशकार अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति एवं राकेश कुमार ठाकुर प्रथम जिला न्यायाधीश, विमलेश मुड़ैया द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, रावेन्द्र कुमार सोनी तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, अब्दुल अजहर अंसारी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, आफरीन युसुफजई तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, स्नो मारिया तिग्गा द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, सृष्टि कुशवाह चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड बासौदा एवं अध्यक्ष अभिभाषक संघ संजीव चौहान, प्रदीप लाहोरी, राकेश



अरोरा, दिनेश असैया एडीपीओ, अंशुमन सुहाने एडीपीओ सहित न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। आयोजित लोक अदालत में बैंक प्रीलिटिगेशन के 2878 प्रकरण में से 7 प्रकरण निराकृत हुए एवं 1169000 रूपये की समझौता राशि प्राप्त हुई। विद्युत प्रीलिटिगेशन के 1500 प्रकरण में से 154 प्रकरण निराकृत हुये और 1043000 रूपये की समझौता राशि प्राप्त हुई। नगर पालिका के 1000 प्रकरण रखे गये थे। जिसमें से 389 प्रकरण निराकृत हुये हैं और 953092 रूपये की समझौता राशि प्राप्त हुई। दूरसंचार विभाग के 200 प्रकरण रखे गये। जिसमें 8 प्रकरण निराकृत हुए एवं 48000 रूपये की समझौता राशि प्राप्त हुई। न्यायालय की विभिन्न खंडपीठों में कुल 398 प्रकरण नेशनल लोक अदालत में में निराकरण हेतु रखे गये थे। जिसमें से 271 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिसमें कुल एक करोड़ अनठांनवे लाख



पिंच्यानवे हजार नौ सौ छप्पन रूपए की राशि प्राप्त हुई। नेशनल लोक अदालत में कुल 5822 प्रकरणों में से कुल 829 प्रकरण निराकृत हुए तथा समझौता राशि 2,47,90,279 रूपए प्राप्त हुई एवं कुल 1072 व्यक्ति लाभान्वित किये गये।

### न्यायाधीश की समझाइश से दंपती में हुआ समझौता

**गंजबासौदा।** लोक अदालत में न्यायाधीश विमलेश मुड़ैया के विशेष प्रयास से पति-पत्नी को साथ रहने की समझाई दी गई। जिसको मानकर पति-पत्नि ने न्यायालय में एक-दूसरे को माला पहनाकर अपने पुराने विवाद को खत्म कर राजीनामा किया है। इस अवसर पर न्यायाधीश विमलेश मुडैया एवं वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेन्द्र राजपूत, एडवोकेट दिनेश कुमार नामदेव, पिंकी दुबे, शैलेष समैया, विशाल राजपूत, अमित ठाकुर सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## प्रदेश स्तर पर वेदांत आश्रम के विद्यार्थी संस्कार शर्मा ने किया प्रथम स्थान प्राप्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेद और गायत्री जप, मानव को केवल विद्वान नहीं, बल्कि श्रेष्ठ नागरिक भी बनाते हैं। वेदों में निहित संध्या वंदन, गायत्री जप की परंपरा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मानव जीवन के सर्वांगीण विकास का आधार है। संध्या वंदन, गायत्री जप से चित्त की शुद्धि, विचारों की पवित्रता और चरित्र का निर्माण होता है। इससे विद्यार्थी न केवल आत्मिक रूप से सशक्त बनते हैं, बल्कि देश की आध्यात्मिक उन्नति में भी सहभागी बनते हैं। यह विचार जीवाजीपुर स्थित संत जगन्नाथदास संस्कृत विद्यालय वेदांत आश्रम में आयोजित वैदिक कार्यक्रम के दौरान रामानंदाचार्य जगतगुरु डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती महाराज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस मौके पर जगतगुरु ने कार्यक्रम के दौरान वेद अध्ययन की बाल रंग वर्ग प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले आश्रम के विद्यार्थी संस्कार शर्मा को विशेष रूप से सम्मानित किया। जगद्गुरु डॉ. वेदांती महाराज ने 5000 की नगद राशि और शॉल प्रदान कर उसका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने संस्कार की वेदाध्यन में गहरी रुचि की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को उससे प्रेरणा लेने का आव्हान किया। साथ ही शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए आश्रम के विद्यार्थियों को स्वेटर भी वितरित किए गए। वेदांत आश्रम में जगदगुरु के आगमन पर बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर उनसे आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उज्जैन के वेद विद्वान कुंजबिहारी पांडेय ने कहा कि वेदाध्ययन के साथ नियमित संध्या वंदन करने से मन स्थिर होता है और जीवन में परम शांति का अनुभव होता है। गायत्री मंत्र को वेदों की माता बताते हुए उन्होंने कहा कि यह मंत्र बुद्धि को प्रखर करता है और जीवन को सद्मार्ग की ओर ले जाता है।

कार्यक्रम में आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज की भूमिका की सराहना की गई, जो सुव्यवस्थित ढंग से आश्रम की शैक्षणिक, आध्यात्मिक एवं व्यवस्थागत गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं। कार्यक्रम में विदिशा से आए सेना के सेवानिवृत्त धर्मगुरु एसपी चतुर्वेदी, घनश्याम सुहाने, सौदान सिंह यादव, गणेशराम रघुवंशी, संतोष नामदेव एसबीआई, मनोज गोयल, सौरभ सुहाने, रामराज रघुवंशी, वेदाचार्य शिव शंकर पांडेय, प्राचार्य बाबू सिंह रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## विद्या वैली के छात्रों ने फहराया परचम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


विगत दिनों सिंगरौली जिले में संपन्न हुई 69 वीं राज्य स्तरीय फील्ड आर्चरी प्रतियोगिता में आचार्य विद्या वैली के 13 छात्रों ने सहभागिता की। जिसमें विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र अंश जैन ने सिल्वर मेडल, कक्षा दसवीं के ही गौरव रैकवार ने सिल्वर मेडल तथा अथर्व व्यास कक्षा 11 ने भी सिल्वर मेडल प्राप्त कर विद्यालय का तथा नगर का नाम रोशन किया है। इन तीनों खिलाडियों ने प्रदेश स्तरीय फील्ड आर्चरी प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त कर नगर का तथा विद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं कक्षा 8 के छात्र हर्ष जैन, कक्षा 7 के यश कुशवाहा, कक्षा 10 के ऋषि मीणा, कक्षा 7 के अंशुमन शर्मा तथा छात्राओं में कक्षा 8 से अनमोल यादव तथा कक्षा 6 की छात्रा दर्शिका जैन ने भी कांस्य पदक प्राप्त कर नगर का तथा विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय की संचालन समिति डायरेक्टर प्रणय जैन, पंकज जैन, अशोक जैन, सत्येंद्र सिंह राजपूत, प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना ने छात्रों की शानदार उपलब्धि पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। साथ ही संचालन समिति द्वारा भी छात्रों को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है। इस उपलब्धि पर कोच शुभम सेन एवं साई दांगी, मानसी जैन का भी विशेष योगदान रहा है। समस्त आचार्य विद्या वैली परिवार ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## आज हिंदू सम्मेलन में मिलेगा जगतगुरु का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सनातन एकता, समरसता, आस्था, भाईचारे और धर्म जागरण के संदेश को लेकर भगवान नीलकंठेश्वर की नगरी उदयपुर में सकल हिंदू समाज द्वारा रविवार को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। नगर उदयपुर में संपूर्ण दिन चलने वाला विशाल हिंदू सम्मेलन एवं विराट कवि सम्मेलन पूरे धार्मिक उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन हिंदू समाज में आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और सनातन संस्कारों के जागरण का सशक्त माध्यम बनेगा।

सम्मेलन में रामानंदाचार्य संप्रदाय के जगद्गुरु एवं काशी पीठाधीश्वर डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती महाराज का आशीर्वाद सहित क्षेत्र के पूज्य संतों का सान्निध्य भक्तों एवं आम जनता को प्राप्त होगा। संत महात्मा अपने उद्बोधनों से हिंदू समाज को एकता और संगठन का संदेश देंगे। उदयपुर सकल हिंदू समाज आयोजन समिति ने बताया कि सुबह 8 बजे वेदांत आश्रम में ध्वज पूजन एवं ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके साथ ही पूज्य उदयपुर मंडल के सभी 9 ग्रामों के कलशों का पूजन कर आयोजन आरंभ होगा। सुबह 10 बजे भव्य



सनातन यात्रा, वेदांत आश्रम से उदयपुर के लिए रवाना होगी। वहीं दूसरी सनातन यात्रा सुबह 10 बजे उदयपुर के पठारी रोड स्थित गणेश मंदिर, उदयपुर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करती हुई आयोजन स्थल नीलकंठ मंदिर परिसर पहुंचेगी। इस दौरान आयोजन स्थल पर सुबह 10 से 11 बजे तक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की प्रस्तुति दी जाएगी।

गंजबासौदा से निकली जगद्गुरु डॉ. वेदांती महाराज की सनातन यात्रा का स्वागत एवं पावन आगमन केवटन नदी क्षेत्र में 11:30 बजे होगा। इसके पश्चात 11 से 12 बजे तक भगवा यात्रा केवटन नदी से नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर तक निकाली जाएगी। दोपहर 12 बजे उदयपुर चौराहा पर सनातन यात्रा का भव्य महासंगम का दृश्य देखने को मिलेगा। दोपहर 12 से 1:30 बजे तक विराट कवि सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें कवियों द्वारा भक्ति, राष्ट्र और हिंदुत्व से ओतप्रोत रचनाओं का पाठ किया जाएगा। इसके बाद 1:30 से 1:40 बजे तक उदयपुर के गौरवशाली इतिहास पर विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। जिसमें श्रोताओं को क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराया जाएगा।

दोपहर 1:40 से 1:50 बजे तक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक चेतना का संदेश दिया जाएगा। दोपहर 1:55 से 2:30 बजे तक जगद्गुरु डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती का उद्बोधन होगा। इसके पश्चात 2:30 से 3:00 बजे तक विशेष वक्ता द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिसमें हिंदुत्व, समाज और संस्कृति के संरक्षण पर विचार रखे जाएंगे। कार्यक्रम के समापन पर 3 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

सकल हिंदू समाज एवं आयोजक समिति ने उदयपुर एवं आसपास के सभी सनातन प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में इस ऐतिहासिक हिंदू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर धर्म, संस्कृति और हिंदुत्व के इस महायज्ञ को सफल बनाने का आव्हान किया है।

## नैना ने संभाग स्तर पर गोल्ड जीता

**गंजबासौदा।** शासकीय सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय की खिलाड़ियों ने अंतर्महाविद्यालयीन संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सहभागिता की। उक्त प्रतियोगिता टीटी नगर स्टेडियम भोपाल में आयोजित की गई थी। जिसमें महाविद्यालय की जूही राजपूत, अंजलि अहिरवार और नैना कुशवाह ने सहभागिता की। नैना ने हेमर थ्रो में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल अर्जित किया एवं जूही व अंजलि ने 100 मीटर व 200 मीटर दौड़ में फाइनल हीट तक पहुँच कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महाविद्यालय की क्रीड़ा विभाग प्रमुख क्रीड़ाधिकारी डॉ. प्रदन्या करंदीकर ने बताया नैना राज्य स्तरीय एथलेटिक टूर्नामेंट के लिए जबलपुर रवाना होंगी। जो 16 एवं 17 दिसंबर को आयोजित होने वाली है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति, डॉ. खुमेश सिंह ठाकुर, डॉ संजय राय, शिव कुमारी, अनीशा भारद्वाज एवं स्टॉफ ने छात्राओं को शुभकामनायें दी हैं।




## जिले के सभी शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य हुए शामिल

# एसजीएस महाविद्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय परिसर में समीक्षा बैठक हुई। भोपाल से आए असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. मथुरा प्रसाद ने इस बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में गंजबासौदा सहित विदिशा, कुरवाई, शमशाबाद, लटेरी, गुलाबगंज और नटेरन के शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर मिली शिकायतों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करना था। इसके अलावा, महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति का फायदा मिल रहा है या नहीं, इस पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सभी प्राचार्यों ने अपने-अपने महाविद्यालयों में पात्र विद्यार्थियों को मिल रही छात्रवृत्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी असिस्टेंट डायरेक्टर को उपलब्ध कराई। यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित न रहे। महाविद्यालयों में होने वाली अन्य गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। शिक्षा के साथ-साथ महाविद्यालयों में होने वाली अन्य गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। असिस्टेंट डायरेक्टर ने इन गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र सिंह ने बताया कि ऐसी समीक्षा बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं। प्रतिमाह अलग-अलग महाविद्यालयों को मेजबानी के लिए चुना जाता है और इस बार गंजबासौदा के शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर महाविद्यालय को यह अवसर मिला था। संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय में समीक्षा के बाद, असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. मथुरा प्रसाद, नोडल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने शासकीय सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय, गुलाबगंज शासकीय महाविद्यालय, लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय का भी दौरा किया। उन्होंने वहां भी महाविद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

## बीलाढाना में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को एक संस्थान और एसबीआई फाउंडेशन के अंतर्गत संजीवनी क्लीनिक ऑन व्हील्स के माध्यम से शनिवार को ब्लॉक के गांव बीलाढाना में विशिष्ट स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम रोजरू, बीलाढाना ग्रहणी में 241 मरीजों ने निः शुल्क स्वास्थ्य सुविधा का लाभ लिया। जिसमें सामान्य ओपीडी और बीपी, शुगर-हीमोग्लोबिन, बुखार, सर्दी, खांसी, कान, एलर्जी की जांच की गई। साथ ही सेवा सदन आई हॉस्पिटल के सहयोग से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हरिप्रसाद ने नेत्र रोगियों की निःशुल्क आंखों की जांच की।

जांच के दौरान शिविर में 28 मरीजों को मोतियाबिंद के लिए चिन्हित किया गया। इन सभी मरीजों को निशुल्क आंखों के ऑपरेशन बैरागढ़ में कराने के लिए परामर्श




दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप उपस्थित सेवा सदन विदिशा सेंटर इंचार्ज रविन्द्र रघुवंशी, संस्थान से डॉक्टर सचिन अग्रवाल, कार्यक्रम समन्वयक बुलबुल मौर्य, प्रिया वंशकार, संजू दांगी, सिमरन विश्वकर्मा, रोहित विश्वकर्मा, सलोनी चौकसे, राहुल नामदेव एवं स्वास्थ्य विभाग से सीएचओ नारायण सिंह, आशा कार्यकर्ता रीना अहिरवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शिल्पी साहू, बुलबुल मौर्य, ग्राम पंचायत सरपंच प्रेम बाई, सहायक सचिव विशाल साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में सभी ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

### यातायात पुलिस ने किया जुर्माना

**गंजबासौदा।** यातायात पुलिस ने जय स्तंभ चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी ने बताया कि जांच के दौरान कई दोपहिया वाहनों पर नंबर प्लेट नहीं पाई गई, जबकि कुछ वाहन चालकों के पास वाहन संबंधी आवश्यक दस्तावेज नहीं थे। इन सभी पर नियमानुसार जुर्माना लगाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान 13 वाहन चालकों से 4100 जुर्माना वसूल किया गया। वहीं यातायात निरीक्षक द्वारा अनेक वाहन चालकों को समझाईश भी दी गई कि नशा करके वाहन न चलाऐं, तेज स्पीड में वाहन न चलाऐं, यातायात नियमों का हमेशा पालन करें, चार पहिया वाहन को सीट बेल्ट लगाकर ही चलाऐं, नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न दें। वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें। वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई।

# न हम हारे और न तुम जीते की तर्ज पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन


हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज





शनिवार को न्यायालय परिसर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विजय कुमार पांडे,न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी श्रीमती मोना शुक्ला,न्यायाधीश अधिकारी सुश्री अंकित जैन एवं अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी द्वारा महापुरुषों के चित्र पर माल्याअर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। तो वही ना हम हरे और ना तुम जीते की तर्ज पर इस नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों की आपसी सहमति से कई मामलों का निराकरण किया गया। सर्वाधिक मामले विद्युत मंडल सिरोंज के निराकृत किए गए। सिरोंज जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विजय पांडे एवं अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी नेशनल लोक अदालत के शिविर में पहुंचे। जहां पक्षकारों को हो रही समस्या का मौके पर निराकरण किया गया। वही बरसों से चल रहा है प्रकरणों के पक्षकारों को अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एवं न्यायाधीश विजय कुमार पांडे द्वारा पौधे भेंट किए गए। न्यायालय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विजय कुमार पांडे के न्यायालय में विद्युत मंडल शायरी एवं ग्रामीण के 130 मामलों का निराकरण किया गया। जिसमें विद्युत मंडल को लगभग 15 लाख रुपए की आमदनी हुई। सिरोंज न्यायालय में विद्युत के लंबित 10 मामलों में विद्युत विभाग को 139000 की आमदनी हुई एवं 7 मामले मोटर दुर्घटना के निराकृत किए गए। जिसमें पीड़ति पक्षकारों को क्षतिपूर्ति राशि 193281 रुपए दिलाए गए 8 बैंकों संबंधी मामलों में बैंक को 139000 आमदनी हुई और प्रकरणों का निराकरण हुआ 2 सिविल प्रकरण मामले 2 अपराधिक अपीलों एवं नगर पालिका परिषद सिरोंज के जलकर एवं संपत्ति कर के 101 मामलों का निराकरण किया गया। जिसमें नगर पालिका परिषद को 335181 रुपए की आमदनी हुई। न्यायालय दंडाधिकारी श्रीमती मोना शुक्ला के न्यायालय में बरसों से पति-पत्नी के बीच चल रहे 2 भरण पोषण के 16 मामले,चेक बाउंस 7,अपराधिक एक सिविल के मामले में पक्षकारों की आपसी सहमति से राजीनामा कराए गए एवं प्रकरणों का निराकरण किया गया। न्यायालय अधिकारी सुश्री अंकित जैन के न्यायालय में 17 मामले चेक बाउंस के 14 अपराधिक मामले एक सिविल के मामले का निराकरण किया गया। सभी मामलों में न्याय शुल्क की छूट रही एवं चेक बाउंस के मामले में परिवादीद्वारा प्रस्तुत नया शुल्क वापसी की गई। इस नेशनल लोक अदालत में अभिभाषक संघ के अध्यक्ष कपिल त्यागी,उपाध्यक्ष सचिन शर्मा,सचिव हेमंत श्रीवास्तव,राजकुमार शर्मा,मीडिया प्रभारी अशोक शर्मा,अवध नारायण श्रीवास्तव,ए ई शराफत खान,ए ई राजीव रंजन,विधिक सहायता के पैरा लीगल वालंटियर रामबाबू कुशवाह एवं छगन सिंह राजपूत एवं एडवोकेट उमेश पाली,अमित रघुवंशीजाहिद खान, अख्तर खान आदि मौजूद थे।

## बच्चों को घेर लेते हैं श्वान
# सड़कों पर घूम रहे हैं आवारा कुत्तों के झुंड, लोगों के लिए बना खतरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर में आवारा कुत्तों के आतंक से लोग परेशान हैं। मुख्य बाजार हो या चौक-चौराहा, मोहल्ला सभी जगह इन्होने अपना बसेरा बना लिया है। यह किसी भी बाइक चालक के पीछे भौंकते हुए दौड़ जाते हैं। बच्चे तो अक्सर आवारा कुत्तों का शिकार होते रहते है। कई बार तो आवारा कुत्तों से बचने के लिए बच्चे इस तरह जान बचाकर भागते हैं कि या तो वह दूसरे वाहनों से भिड़ जाते है या फिर सड़क पर ही गिर जाते है। आए दिन इस तरह की घटना का होना आम बात हो गई है। वैसे तो नगर के हर इलाके में आवारा कुत्तों का खौफ है,लेकिन सबसे डेंजर प्वाइंट भवानी नगर,नयापुरा, बड़ापुरा, ढाल बाजार,कस्टम पथ,सतखनी से लेकर छत्रीनाका तिराहा शामिल है। रात के 8 बजे तक शहर की सड़कों पर मटरगश्ती कर रहे आवारा कुत्ते शांत रहते है,लेकिन उसके बाद उनका स्वरूप व मिजाज बदल जाता है। सावधानी नही बरतने पर काट भी लेते है।

नगर में इन दिनो आवारा कुत्ते के झुंड में खड़े अक्सर दिखाई दे जाते है। जिनकी संख्या चार पांच नही बल्कि दस से बारह के बीच होती है। ऐसे में स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को साइकिल या पैदल आते-जाते समय इन्हे देखकर डर लगा रहता है। कई बार यह कुत्ते आपस में लड़ने लगते है,जिससे सड़क से निकलने वाले वाहन चालाकों को अपने वाहन को रोककर खडा करना पड़ता है। छात्र दीपक जोशी,अनिल,विक्की,रवि आदि ने बताया कि सुबह प्रतिदिन कोचिंग जाते है तो हम लोगों को आते-जाते समय रास्ते में खड़े कुत्तों के झुंड से डर बना रहता है।

## शहरवासियों को अपेक्षा प्राचीन धरोहरों को संरक्षित करेगा प्रशासन
# अनदेखी से शहर की जीर्णशीर्ण हो रही पुरानी धरोहरें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



छोटी सी ही वस्तु क्यों न हो, यदि तुम्हें अच्छी लगती है तो तुम उसे आगे तक के लिए संभाल कर रखते हो। नही चाहते कि तुम्हारी उस जरूरी वस्तु को कोई भी नुकसान पहुचाए। इसी तरह विदिशा जिले के शहर सिरोंज में भी सुन्दर और ऐतिहासिक महत्व वाली कई ऐसी इमारते हैं, जिनकां संभाल कर रखना जरूरी है। नगरवासियों को उन इमारतों की जानकारी दे रहे है, जिन्हें पुरातत्व की सूची में दर्ज किया है, लेकिन उनकी देख रेख नही है। क्षेत्र में ऐसी कई जगह है जिन्हें देखकर यह यकीन नही होता कि उन्हें इंसान ने बनाया है। हैरत तब होती है, जब यह सोचते है कि उस समय तो आज की तरह मशीने और तकनीक भी नही थी। ये इमारतें न सिर्फ देखने में सुन्दर है, बल्कि हमें अपने देख और संस्कृति की जानकारी भी देती है। ऐसी ही ऐतिहासिक धरोहरों को बचा कर रखने के लिए क्षेत्र के जन प्रतिनिधि व आम जनता को जागरूक होने की जरूरत है।

प्राचीन पुरातात्विक अवशेष, पुराभिलेख आदि हमारे अतीत के गलियारों के सबसे विश्वसीय पथ-प्रदर्शक होते है। जिन्हें सहेज-संवारकर रखने के आवश्यकता है। इन प्राचीन धरोहरों में हमारी संस्कृति के अक्श छिपे होते है जिनके माध्यम से हम अपने पूर्वजों की बौद्धिक उपलब्धियों तथा उनकी सोच, उनके रीति रिवाज एवं अन्य सामाजिक व्यवहारों की जानकारी प्राप्त होती है। यही कारण है कि पुरा संपदा को संरक्षित रखने के लिए पुरातत्व में शामिल किया जाता है। सिरोंज क्षेत्र की बात की जाए तो तस्वीर बहुत निराशा जनक दिखती है। यहां के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक धरोहर सरकारी उपेक्षा का शिकार होकर चौतरफा मार झेलते हुए अपने उद्धारक की बाट जोह रहे है। बात यहां के अलीगंज पहाड़ से शुरू करे तो इसकी गाथा बड़ी प्राचीन है। यही नही शहर में कई स्थानों पर बनी प्राचीन छत्रीयों का रहस्य अनोखा है। रावजी पथ की हवेली की दीवारों पर लगे पत्थरों की आकृतियों को देखकर लोग आश्चर्य चकित रह जाते है। वार्ड क्रमांक 14 में स्थित दिल्ली दरबाजा भी सिरोंज के इतिहास में बहु चर्चित है। नगर की कैथन नदी किनारे प्राचीन राम घाट व कार्तिक घाट की भी इतिहासिक गाथाएं हैं।

शहर के विकास कार्या में तबाड तोड महनत कर स्थानीय प्रशासन एक अच्छा और सुंदर शहर बनाने का कार्य कर रहा है। उससे सिरोंज के आम जनमानस की प्रशासन के प्रति शहर का सौदर्यकरण एंव विकास के प्रति एक उम्मीद जाग उठी है। शहर के नागरिकों को कहना है कि सिरोंज में जो प्राचीन भवन व इमारतें है। उन्हें प्रशासन संरक्षित कर उनकी मरम्मत कराकर अच्छी देखरेख करने के बाद यह स्थान शहर के दर्शनिक स्थल बन सकते है। यदि स्थानीय प्रशासन इस कार्य में रूची लेता है तो शहर के कई सामाजिक संगठन भी इस कार्य में आगें आकर सहयोग करने के लिए तैयार है।

### आज भी पहुंचते हैं सैकड़ों लोग

शहर के पश्चिमी भाग में पहाड़ी पर बने इस महल को अलीगंज पहाड के नाम से जाना जाता है। आज भी इसे देखने के लिए सैंकड़ो लोग पहुंचते है। कहा जाता है कि राजा महाराजाओं के शासन काल में जब कोई एलान करना होता था, तब इसी पहाड़ी पर लगे ढोल को बजाकर सूचना दी जाती थी। वही नगर के सिकंदपुरा में स्थित दिल्ली दरबाजे का भी इतिहास रहा है। जो कि इस समय पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसे सवारने के लिए न तो जनप्रतिनिधीयों का इस और ध्यान है और न ही स्थानीय प्रशासन को अधिकारियों का जिस कारण इन प्राचीन धरोहर नष्ट होती जा रही है।

## स्वच्छ धार्मिक स्थल श्रमदान अभियान
# शहर के घर हमारे मंदिर हैं, वार्ड हमारा आंगन, दोनों की स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी: सीएमओ साहू



**सिरोंज।** नगर पालिका परिषद् द्वारा स्वच्छ धार्मिक स्थल अभियान के अंतर्गत महा माई माता मंदिर परिसर में व्यापक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी मनीष कुमार,उपाध्यक्ष मनोज साईंनाथ, नगर पालिका के समस्त कर्मचारी, स्वच्छता टीम के रविकुमार प्रजापति एवं उनके सहयोगी तथा स्थानीय नागरिकों ने मिलकर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने एवं धार्मिक स्थलों को हर समय स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल धार्मिक स्थलों को साफ-सुथरा रखना है, बल्कि समुदाय में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। इस अवसर पर नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू ने नागरिको से अपील करते हुए कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने आस-पास के वातावरण को व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझे, ठीक वैसे ही जैसे वे अपने घर को साफ रखते हैं, तो पूरा समुदाय स्वच्छ हो जाएगा। घर हमारा मंदिर है, वार्ड हमारा आंगन। दोनों की स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है। जिस तरह घर की गंदगी हमें चुभती है, उसी तरह अपने वार्ड को भी गंदा न होने दें। यह अभियान लोगों को स्वच्छता अभियान के लिए प्रेरित करने वाला है। उन्होंने लोगों से नगर पालिका की गाड़ी या तय स्थान पर कूड़ा डालने का आह्वान किया।

# वर्ष की अंतिम लोक अदालत में फिर से बसे परिवार, 115 प्रकरण सुलझाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



शनिवार को नगर के न्यायालय परिसर में साल की अंतिम लोक अदालत का आयोजन तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष न्यायधीश सतीश चंद्र मालवीय, न्यायाधीश अजीत कुमार तिर्की, न्यायाधीश अमित मालवीय, न्यायाधीश ललित कुमार मैढ़ा न्यायाधीश अंकिता नागर के निर्देशन में वकीलों एवं पक्षकारों के सहयोग से संपन्न हुआ।

खास बात यह रही की कई वर्षों से चेक बाउंस एवं विवाह विच्छेद के मामलों में न्यायाधीशों ने सीधा हस्तक्षेप कर वकीलों की मदद से समस्त विवादों का निपटारा करवाया। फिर बिछड़े हुए पति पत्नी को कोर्ट रूम में ही वरमाला डलवाई गई एवं जोड़ों को पौधे भेंट किए गए। बाद में सभी जोड़ों को न्यायालय प्रांगण में मिठाई खिलाकर सभी ने आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी।

### लोक अदालत में 115 प्रकरणों का हुआ निराकरण

सभी न्यायालयों के लगभग 115 प्रकरणों का निराकरण हुआ। वहीं लोक अदालत शिविर में विभिन्न बैंकों एवं विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी भी मौजूद रहे, जिसमें विद्युत विभाग के काउंटर पर सर्वाधिक भीड़ देखी गई क्योंकि विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा बड़ी मात्रा में उपभोक्ताओं को विद्युत चोरी आदि संबंधी नोटिस भेजे गए हैं इनको लेकर विद्युत विभाग के काउंटर पर आपाधापी का माहौल बना रहा। इस संबंध में इंजीनियर ओमप्रकाश सिंह ठाकुर का कहना है कि शहर में टोटल 234 प्रकरणों का निपटारा कर 28 लाख रुपए की वसूली की गई।

### इनका कहना है

*न्यायाधीश का कार्य समस्त तथ्यों का विश्लेषण कर न्याय प्रदान करना होता है जिससे सिर्फ एक ही पक्ष संतुष्ट होता है परंतु जब दोनों पक्ष न्यायालय के समक्ष आपस में समझौता करते हैं तो इसमें न्यायाधीशों के साथ-साथ समाज सुधार की प्रक्रिया में वकीलों की भी मुख्य भूमिका होती है और यही से एक स्वस्थ समाज का निर्माण होता है।*

*- **अमित कुमार मालवीय,** सत्र न्यायाधीश बरेली।*

# बाड़ी विकासखंड के बरेली-बाड़ी तहसीलों में आधी अधूरी पड़ी नल जल योजनाएं

## जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजनाओं पर करोड़ों की राशि खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

### नलों में पानी आने का लंबा इंतजार




जल जीवन मिशन के अंतर्गत बाड़ी और बरेली तहसीलों के दर्जनों ग्रामों में पीएचई के द्वारा ठेकेदारों के माध्यम से दर्जनों योजनाओं का निर्माण कराया गया नल जल योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों के घरों में नलों से जल पहुंचने की योजना में ठेकेदारों द्वारा ग्रामों में पाइप लाइन डाली गई। पानी की टंकियों का निर्माण किया गया नल कनेक्शन देने की औपचारिकता की गई इसके बाद भी दर्जनों ग्रामों की नल जल योजनाएं आधी अधूरी और दिखावा बनी हुई है।

ग्रामीणों को नलों में पानी आने का बेसब्री से इंतजार बना हुआ है। पीएचई का डिवीजन ऑफिस बाड़ी में है नल जल योजनाओं के निर्माण में जिम्मेदारों के द्वारा देखरेख सामग्री उपयोग की निगरानी के प्रति बरती गई उदासीनता के कारण नल जल योजनाओं में घटिया कार्य हुआ योजनाओं के माध्यम से आर्थिक अधिक लाभ अर्जित करने की मनोवृत्ति बनी रही।

नल जल योजनाओं पर लाखों करोड़ों की राशि तो खर्च हो गई परंतु उसका लाभ ग्रामीण परिवारों को नहीं मिल पा रहा है।

बाड़ी बरेली तहसीलों में लगभग सवा दो सौ ग्राम बाड़ी जनपद के अंतर्गत आते हैं।पिछले वर्षों में जल जीवन मिशन एवं अन्य योजनाओं के माध्यम से ग्रामों में नल जल योजना के माध्यम से स्वीकृति तहसील के ग्राम नयागांव कलां, महेश्वर, बाग पिपरिया, भोडिया, सिलवाह, कामतोंन, करमवाडा, चैनपुर सहित दर्जनों ग्रामों की नल जल योजनाएं किसी न किसी कारण से आधी अधूरी और बंद की स्थिति में होने से ग्रामीण परिवारों को पुराने हेड पंपों के सहारे अपनी पेयजल की व्यवस्थाएं करना पड़ रही है।

नल जल योजनाएं चालू न होने से ग्रामीण महिलाएं बच्चे पानी के लिए हैंडपंपों पर लंबी कतार लगाने मजबूर बने रहते हैं।

# पुलिस सक्रिय गस्त के माध्यम से लोगों को किया जा रहा जागरूक

## वाहनों की चेकिंग आमजन से पुलिस कर रही संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली




ठंड के भीषण प्रकोप के बीच आम जनता को सुरक्षा का एहसास दिलाने के लिए नवागत पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन एवं एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान बस स्टैंड पर गस्त के माध्यम से पुलिस द्वारा सुरक्षा का एहसास कराया जा रहा है थाना प्रभारी कपिल गुप्ता पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर रहे हैं।

नगर में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए पुलिस बल के साथ नगर में पैदल भ्रमण कर लोगों से वार्ता की। इस दौरान वाहनों की चेकिंग की गई। आमजन, राहगीर एवं व्यवसायियों से वार्ता कर सुरक्षा का एहसास कराया गया और लोगों को दी समझाइश दी।

थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने बताया कि लोगों को शांति, सुरक्षा और नियमों का पालन करने की सलाह दी गई है, ताकि अपराध रुकें और सामाजिक व्यवस्था बनी रहे, जिसमें वे लोगों को जागरूक कर रहे थे, जैसे यातायात नियमों का पालन करें, कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो तत्काल इसकी पुलिस को सूचना दें , सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अपने घर और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए। इसलिए गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हैं और लोगों को सतर्क रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## बरेली तहसील अनुविभाग मुख्यालय परंतु नहीं विकासखंड मुख्यालय
# विकास के लिए बरेली को विकासखंड बनाना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली




शायद ही प्रदेश में कोई ऐसा स्थान हो जो की तहसील अनुविभाग मुख्यालय तो है, परंतु विकासखंड जनपद का मुख्यालय ना हो यह स्थिति बरेली की बनी हुई है। कभी ब्लॉक मुख्यालय बाड़ी बरेली तहसील के अंतर्गत आता था बाड़ी अलग तहसील बन गया बाड़ी विकासखंड जनपद में बाड़ी और बरेली तहसीलों की 106 ग्राम पंचायत है बाड़ी मुख्यालय से ग्राम पंचायत की दूरी 50- 60 किलोमीटर तक है। दूर दराज की ग्राम पंचायत की प्रशासनिक एवं विकास निर्माण कार्यों की देखरेख में समय की परेशानी बनी रहती है वहीं ग्रामीणों को अपनी समस्याओं को बताने समाधान के लिए बाड़ी जाने आने में पूरा एक दिन खराब करना पड़ता है।

प्रदेश में शायद ही कोई विकासखंड जनपद पंचायत में 106 ग्राम पंचायत हो जनपद में सबा दो सौ से अधिक ग्राम और जनसंख्या साढे तीन लाख से अधिक है।भोपाल से जबलपुर के बीच बरेली सबसे बड़ा प्रशासनिक केंद्र है बाड़ी जनपद मुख्यालय पर पीएचई, शिक्षा विभाग, कृषि वन विभाग के सबडिवीजन ऑफिस है। इन सब डिवीजन कार्यालय में ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जाना आना परेशानियों भरा बना रहता है।

बाड़ी से रजवाड़ा, बटेरा, खरगोन, जामगढ़ भगदेही, उटिया कलां, छवारा, अलीगंज, मांगरोल, सतरावन, बगलवाड़ा, मगरदा, सौजनी, घाट पिपरिया, डूमर, खेरवाड़ा, कैलकछ, महेश्वर, बाग पिपरिया ग्राम पंचायत की दूरी 50- 60 किलोमीटर तक है। इन ग्रामों से बाड़ी मुख्यालय पहुंचना कठिन बना रहता है।

### बरेली बने विकासखंड

केंद्र और राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का लक्ष्य विकासखंड अनुसार निश्चित किया जाता है। जनसंख्या ग्राम पंचायत की संख्या सबसे अधिक होने के बाद जिस प्रकार विकास कार्यों को गति मिलना चाहिए उसमें स्वतंत्रता के बाद से कमी बनी हुई है इसीलिए बरेली को विकासखंड जनपद मुख्यालय बनाए जाने की मांग जोर पकड़ रही है।

### इनका कहना है

ग्रामीण क्षेत्र के तेजी से विकास और प्रशासनिक दृष्टि से बरेली को विकासखंड जनपद मुख्यालय बनाए जाना जरूरी है।

- **भगवानदास राठी,** कृषक समाजसेवी बरेली

### इनका कहना है

यह आश्चर्य का विषय है कि बरेली तहसील और अनुविभाग मुख्यालय है परंतु विकासखंड जनपद मुख्यालय नहीं है। प्रशासनिक दृष्टि एवं ग्रामीणों की पहुंच जनपद से हो तेजी से विकास कार्य हो बरेली को विकासखंड जनपद मुख्यालय बनाए जाना जरूरी है।

- **हीरेंद्र मालवीय,** अध्यक्ष व्यापारी संघ बरेली।

## पत्रकार वार्ता में सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर प्रभारी मंत्री ने गिनाई उपलब्धियां

# जिले ने बीते दो वर्षों में विकास के कई कीर्तिमान किए हैं स्थापितः मंत्री पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

विगत दो सालों में रायसेन ने औद्योगिक, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, सिंचाई, सड़क, रोजगार सहित नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के मामले में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान में भी रायसेन प्रदेशभर में दूसरे स्थान पर रहा। 3 महीने में दो हजार 425 खेत-तालाब, 23 अमृत सरोवर और 1686 रिचार्ज पिट से 5 हजार एकड़ भूमि सिंचित हुई। रायसेन ने बीते दो सालों में विकास के हर क्षेत्र में नवीन कीर्तिमान स्थापित किए है। यह बात जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार ने राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर कलेक्ट्रेट में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही।

बैठक में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, विधायक सुरेंद्र पटवा, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, जिपं अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा, नपाध्यक्ष सविता जमना सेन सहित जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि उद्योग एवं रोजगार क्षेत्र में मंडीदीप क्षेत्र में बीईएमएल रेल हब रोलिंग स्टॉक फैक्ट्री की नींव रखी गई है। 60 हेक्टेयर में 1800 करोड़ रू की इस परियोजना से 1600 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे और 750 से अधिक औद्योगिक इकाईयों की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूती मिलेगी। 5 नलजल परियोजनाओं से 1041 ग्रामों में स्वच्छ पेयजल पहुंचाया, जिस पर एक हजार 249 करोड़ रू व्यय हुए।

**प्रभारी मंत्री ने युवाओं से कहा कि वह स्वयं का रोजगार स्थापित कर दूसरों को रोजगार दे सके**

**प्रभारी मंत्री ने कहा जिले ने मंडीदीप में 1800 करोड़ लागत की बीईएमएल रेलहब फैक्ट्री स्थापित की**

**रायसेन जिले ने जल गंगा अभियान में द्वितीय स्थान सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त की उपलब्धियां**



### सीएमएचओ को दी हिदायत

प्रभारी मंत्री श्री पंवार ने जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचएन मांडरे को हिदायत देते हुए कहा कि जिला अस्पताल का बिगड़ा ढर्रा सुधारने के व्यापक और सख्त कदम उठाए जाएं, जिससे कि मरीजों को एवं उनके साथ आने वाले परिजनों को बेहतर सुविधाएं मिल सके। अस्पताल की शिकायत मिलना सरकार के लिए बड़े ही शर्म की बात है।

### *प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार ने कहा - जनसेवा सर्वोपरि*

बीते दो वर्षों में सरकार ने विकास, सुशासन और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए हर वर्ग के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। सरकार की मंशा है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसी उद्देश्य से पारदर्शी व्यवस्था और समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया है। श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि असंगठित श्रमिकों के पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा, सहायता राशि और हितग्राही मूलक योजनाओं के माध्यम से श्रमिक वर्ग को संबल प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के कल्याण के बिना समग्र विकास संभव नहीं है और सरकार इस दिशा में पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है।

### महिलाएं बनीं स्वाबलंबी

शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण और युवाओं के रोजगार को लेकर सरकार की नीतियां जमीन पर असर दिखा रही हैं। महिलाएं स्वाबलंबी बनी है, स्व-रोजगार से जुड़कर स्वयं का रोजगार स्थापित कर सरकार ने आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और सिस्टम को सरल बनाने के लिए लगातार सुधार किए हैं। प्रभारी मंत्री श्री पंवार ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में विकास की रफ्तार और तेज होगी तथा जिले सहित पूरे प्रदेश को विकास के नए आयामों तक पहुंचाया जाएगा। सरकार जनता के विश्वास पर खरी उतरने के लिए प्रतिबद्ध है।

**जिला विकास सलाहकार समिति की हुई बैठक**

## सदस्यों पर जिले के चहुंमुखी विकास की जिम्मेदारी : पंवार

**रायसेन।** शनिवार को कलेक्ट्रेट में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रभारी मंत्री श्री पंवार ने कहा कि जिले के विकास को गति देने तथा योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन हेतु यह समिति गठित की गई है। समिति के सदस्यों पर जिले के चहुंमुखी विकास की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। रायसेन जिले को विकास का मॉडल बनाने के लिए सभी संकल्पित रूप से कार्य करना है। जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, रोजगार, खेती, सड़क, सिंचाई हर क्षेत्र में विकास के कार्ययोजना बनाकर उसे सफलतापूर्वक क्रियान्वित कर जिले में विकास के और नए आयाम स्थापित करना है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी जिला अधिकारी अपने-अपने विभागों की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। प्रभारी मंत्री को कलेक्टर विश्वकर्मा तथा जिला अधिकारियों द्वारा विभागवार दो वर्षों में जिले में हुए विकास कार्यो तथा अधोसंरचना के कार्यो की प्रगति से अवगत कराया।

बैठक में समिति के सदस्य एवं अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

**11 करोड़ समझौता राशि की हुई वसूली**

## लोक अदालत में निपटाए कई वर्षों से लंबित अनेक प्रकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शनिवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेश पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत जिला न्यायालय परिसर में आयोजित की गई, जिसमें प्रधान न्यायाधीश अनिल कुमार सोहाने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन द्वारा शुभारंभ किया।

जिले में राजीनामा योग प्रकरणों का निराकरण किया जाने के लिए 26 खंडपीठों का गठन किया गया। लोक अदालत में 633 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया। 3191 प्री लिटिगेशन प्रकरण सहित कुल 3824, प्रकरणों का निपटारा किया गया। इन प्रकरणों में 11 करोड़ 8 लाख 726 समझौता राशि रही। लोक अदालत में नगर पालिका परिषद बीएसएनल का बैंकों के अधिकारी मौजूद रहे। नेशनल लोक अदालत में अरविंद जैन विशेष न्यायाधीश शशि सिंह, जिला न्यायाधीश कमलेश कुमार इटावदिया, मजिस्ट्रेट सचिन जैन, सुनील कुमार शौक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमति हर्षनी यादव, अरविंद जैन, महेश कुमार माली, अजय कुमार यदु, सौम्या साहू, अस्थाना संचित अस्थाना अनीस उद्दीन अब्बासी जिला विधिक सेवा अधिकारी, जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष विनयकांत चतुर्वेदी, अधिवक्ता अजय कुमार सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## सोसाइटी के 11 कर्मचारी हड़ताल पर

**सलामतपुर।** विगत दिनों जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में महाप्रबंधक के आते ही जिले की संस्थाओं में घमासान दिखाई देने लगा है। कृषक सेवा सहकारिता समिति सलामतपुर में एक ऑपरेटर की नियुक्ति को लेकर कर्मचारी लामबंद हो गए हैं और उन्होंने संस्था कार्यालय में ताले डाल दिये हैं। कर्मचारियों ने आरोप लगाए हैं कि दीपक पलया की नियुक्ति संस्था में नहीं होनी चाहिए। क्योंकि उन्होंने पूर्व में गेहूं खरीदी में गबन किया था।

इसी के तहत उन्हें हटा भी दिया था, लेकिन अब उन्हें वापस सेवा सहकारिता समिति सलामतपुर में रखने का आदेश कर दिया गया है। जिसका विरोध देखने को मिल रहा है। वहीं संस्था के समस्त कर्मचारियों ने एकत्रित होकर रायसेन में कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा है।

## विशाल किसान संगोष्ठी में प्रदर्शनी एवं आदान वितरण समारोह हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान (एनडीआरआई), करनाल द्वारा भारत सरकार की अनुसूचित जाति उप-योजना के अंतर्गत जिले के सांची ब्लॉक स्थित ग्राम भगवंतपुर कॉलोनी में एक दिवसीय किसान संगोष्ठी, प्रदर्शनी एवं आदान वितरण समारोह' का आयोजन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

केन्द्रीय कृषि मंत्री ने संस्थान द्वारा ग्रामीण परिवेश में वैज्ञानिक तकनीक पहुँचाने के प्रयासों की




सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के किसानों के भविष्य को बदलने वाली एक युगांतरकारी पहल बताया। इस किसान संगोष्ठी, प्रदर्शनी एवं आदान वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन भगवंतपुर कॉलोनी में एनडीआरआई संस्थान, कृषि विज्ञान केंद्र रायसेन और पशुपालन विभाग रायसेन के संयुक्त सहयोग से किया गया।

**सराहनीय रही पुलिस की भूमिका**

## 11 वर्षीय बालक को 14 घंटे में किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के थाना उमरावगंज में बीते 11 दिसंबर को फरियादिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका 11 वर्षीय पुत्र सुबह 10 बजे से लापता है। जिसकी परिजनों द्वारा काफी तलाश करने पर भी जानकारी नहीं मिली। प्रकरण की गंभीरता से लेते हुए एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देशन में एएसपी कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन में उमरावगंज थाना प्रभारी एसआई शैलेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की। टीम ने नाबालिग बालक की तलाश तत्काल प्रारंभ कर दी। जांच में पुलिस ने लगातार सरहदी थानों में रात्रि भर पतारसी की। लोगों की सहायता से शनिवार सुबह ग्राम मेंदुआ से बालक को सकुशल ढूंढ निकाला, जिसके बाद बालक को माता-पिता के सुपुर्द कर दिया।



# चाकू से हमला करने वाले आरोपी हुए गिरफ्तार

## एसपी के मार्गदर्शन में पुलिस ने सिर्फ 6 घंटे में आरोपियों को दाबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के थाना गैरतगंज अंतर्गत हत्या के प्रयास के एक मामले में आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को बड़ी सफलता हासिल मिली है। पुलिस टीम ने थाना गैरतगंज में पंजीबद्ध अपराध के आरोपियों की गिरफ्तारी में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई है।

उल्लेखनीय है कि बीते 9 दिसंबर को फरियादी राघव शर्मा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम करीब 6 बजे वह अपने दोस्त रितिक आदिवासी, हर्ष परिहार एवं निखिल अहिरवार के साथ स्कूटी से जा रहा था। तभी मोटरसाइकिल पर सवार राज रैकवार एवं अमित भारती ने पीछे से टक्कर मार दी, जिस पर विवाद हो गया।



विवाद बढ़ने पर अमित ने राघव को मोबाइल पर कॉल कर पेट्रोल पंप पर रुकने के लिए कहा। शाम करीब 6.30 बजे राज, अमित भारती अपने साथियों आनंद धाकड़, मयंक साहू, देशांश कुशवाह, लक्की सेन, राज सेन, विक्की लोधी, कृष्णा लोधी एवं अंकित महाराज के साथ वहां पहुंचे और फरियादी पक्ष को गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे।

विवाद में राज रैकवार ने रितिक आदिवासी के पेट में चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी आंतें बाहर निकल आई। बचाव में आए रितिक के सिर के पीछे भी चाकू मारा।

एसपी आशुतोष गुप्ता के मार्गदर्शन में पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई सिर्फ 6 घंटे में आरोपी राज रैकवार, आनंद धाकड़, विक्की उर्फ उदय लोधी, अंकित भार्गव 6 अन्य अपचारी बालकों को गिरफ्तार किया। साथ ही चाकू भी जप्त किया है। सभी आरोपियों/अपचारी बालकों को कोर्ट में प्रस्तुत किया।

## बाइक सवारों को टक्कर मारने वाला ट्रैक्टर चालक गिरफ्तार

**रायसेन।** जिले के थाना देवनगर क्षेत्रांतर्गत बीते 11 दिसंबर ट्रैक्टर की टक्कर से एक युवक गोविंद अहिरवार की मृत्यु हो गई थी। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर चक्का जाम किया था। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर ट्रैक्टर जब्त किया। वहीं एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव के निर्देशन में पुलिस ने आरोपी ऋषभ पाल पिता प्यारेलाल (ट्रैक्टर चालक) एवं प्यारेलाल पाल, पिता खेमचंद (वाहन स्वामी) को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि आरोपी ट्रैक्टर चालक के पास वैध वाहन चालक लाइसेंस नहीं था, जिसके कारण वाहन स्वामी को भी आरोपी बनाया गया है।



# घट यात्रा के साथ पंच कल्याणक महोत्सव का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर में विराजमान मुनि प्रमाण सागर महाराज के सानिध्य में 4 दिवसीय पंच कल्याणक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के प्रथम दिवस शनिवार को घट यात्रा निकाली गई।

यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। घट यात्रा कार्यक्रम स्थल पारसनाथ जिनालय से प्रारंभ हुई जो मुख्य मार्गो से होती हुई गांधी चौक पहुंचीं। यहां से पुनः



वापिस आकर प्रारंभिक स्थल पर पहुंच कर समाप्त हो गई। घट यात्रा में शामिल महिलाए सिर पर कलश रखे मंगल भजनो का गायन कर कतारबद्व होकर चल रही थी। प्रारंभिक दिन ध्वजा रोहण सहित अनेक अनुष्ठान संपन्न किए। महोत्सव में अनुष्ठान की क्रिया बाल ब्रम्हचारी अशोक भैया टीकमगढ़ के द्वारा संपन्न कराई जा रही है।

आचार्य विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य गुणयतन तीर्थ के प्रणेता, शंका समाधान कार्यक्रम के प्रर्वतक मुनि प्रमाण सागर महाराज के सानिध्य में आयोजित हो रहे पंच कल्याणक महोत्सव के महापात्रो का चयन किया गया।

## कलेक्टर ने जिला अस्पताल में जांच के लिए बनाई टीम

**रायसेन।** जिला अस्पताल के प्रसूति वार्ड एवं शिशु वार्ड में भर्ती मरीजों के कमरों में कॉकरोच व खटमल मिलने की खबर पर कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा तथ्यों की जांच के लिए अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय की अध्यक्षता में जांच दल का गठन किया गया है। जांच दल में सीएमएचओ डॉ एनएन माण्डरे तथा लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री बीके सूत्रकार को सदस्य बनाया गया है।

# जैविक हाटबाजार विक्रय केंद्र का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शनिवार को जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार द्वारा सागर रोड स्थित सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय परिसर में जैविक हाट बाजार का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री श्री पंवार तथा विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा जनसमूह को संबोधित किया। साथ ही जैविक खेती करने वाले किसानों द्वारा अपने जैविक कृषि उत्पादों की लगाई प्रदर्शनी का




अवलोकन भी किया। इस जैविक विक्रय केंद्र में बेचने के लिए अनाज, दाल, तेल, सब्जियां, फल, घी आदि उत्पाद उपलब्ध रहेगें।

# भागवत कथा के छटवें दिन श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह का हुआ प्रसंग

## पांडाल में श्रद्धालुओं ने बरसाए फूल, भजनों पर झूमीं महिलाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के मढ़ईपुरा वार्ड 3 सब्जी विक्रेता लाल सिंह कुशवाह परिवार की ओर से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

शनिवार को कथा के छटवें दिन पंडित दुर्गा प्रसाद शर्मा ने भगवान श्री कृष्णा और रुक्मणी का विवाह प्रसंग सुनाया गया।

इस दौरान नगर के बच्चों ने कृष्ण और रुक्मणी का किरदार निभाया। नगर में बारात निकली, जिसका जगह-जगह फूल बरसाकर स्वागत हुआ।

पं. दुर्गाप्रसाद शर्मा ने श्रीकृष्ण और रुकमणी का विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बीच में सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत कीं। भागवत कथा की गणेश वंदना विधि विधान से शुभारंभ कराया। भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए। गोपी उद्धव संवाद, श्रीकृष्ण एवं रुकमणी विवाह उत्सव पर मनोहर झांकी प्रस्तुत की गई। भजनों को सुनकर महिला श्रद्धालुओं द्वारा जमकर नृत्य किए।

**शीघ्र ही आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद शुरू होगा कार्य**

# ऐतिहासिक किले के विकास को लेकर गंभीर हैं विधायक डॉ चौधरी

**» *पुरातत्व विभाग से एनओसी प्रदान करने का अनुरोध केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा***

**» प्रस्तावित सांस्कृतिक सभागार, रायसेन किले पर स्वीकृत रोप-वे पर हुई चर्चा**


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सांची विधानसभा क्षेत्र के रायसेन शहर के ऐतिहासिक किले के विकास को गति देने के



लिए विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने केंद्रीय मंत्रियों से भेंट कर रायसेन किले पर रोपवे के लिए एनओसी एवं रवीन्द्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक सभागार निर्माण के लिए आग्रह किया।

दिल्ली प्रवास के दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सांची विधानसभा के विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान के साथ केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से सौजन्य भेंट की।



दिल्ली में हुई महत्वपूर्ण बैठक में रायसेन जिले में प्रस्तावित रवीन्द्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक सभागार रायसेन किले तक पर्यटन विभाग मध्यप्रदेश द्वारा स्वीकृत रोप-वे परियोजना पर विस्तार से चर्चा की।

### रोप-वे से पर्यटन को मिलेगी नई दिशा : डॉ चौधरी

विधायक डॉ चौधरी रोप वे परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए केंद्रीय पुरातत्व विभाग से अनापत्ति (एनओसी) प्रदान किए जाने का अनुरोध केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा गया। इस दौरान डॉ चौधरी के पुत्र रौनक चौधरी भी साथ रहे। डॉ. चौधरी जी ने बताया कि इन विकास परियोजनाओं के पूर्ण होने से रायसेन में पर्यटन को नई दिशा मिलेगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। बैठक सकारात्मक रही और शीघ्र ही आवश्यक औपचारिकताओं के पूर्ण होने की केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने आश्वस्त किया।